RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

shutterstock.com · 2105607560

• वर्ष : 32 • अंक : 41 • 23:02:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## गुलमर्ग की अफरवाट चोटी पर एवलांच

### एक की मौत

**गुलमर्ग (एजेंसी)।** कश्मीर के टूरिस्ट स्पॉट गुलमर्ग में एवलांच की चपेट में आने से एक विदेशी टूरिस्ट की मौत हो गई। एक स्थानीय व्यक्ति और कुछ विदेशी लापता हैं, कुछ फंसे हुए हैं, जिनका हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया जा रहा है। अब तक 5 लोगों को बचाया गया है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफरवाट चोटी से लगे खिलान मार्ग पर गुरुवार (22 फरवरी) दोपहर 2 बजे यह बर्फीला तूफान आया। सेना के जवान और जम्मू-कश्मीर



प्रशासन की एक पेट्रोलिंग टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है। यह एवलांच ढलान पर हुआ, जिसमें कई स्कीयर फंस गए। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे अधिकारियों ने बताया कि विदेशी टूरिस्ट, स्थानीय निवासियों के बिना स्की ढलानों पर गए थे। इसलिए जब तूफान आया तो वे संभल नहीं सके। पिछले दिनों हिमालय में हो रही बर्फबारी के बीच मौसम विभाग ने दो दिन पहले ही एवलांच को लेकर चेतावनी जारी की थी।

## दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को फतवे में बताया वैध

**देवबन्द (एजेंसी)।** इस्लामिक शिक्षण केंद्र दारुल उलूम देवबंद ने गजवा-ए-हिंद (भारत पर आक्रमण) वाले अपने फतवे को वैध ठहराया है। इस्लामिक संस्था ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से ये फतवा दिया है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने इस फतवे को देश विरोधी बताते हुए सहारनपुर डीएम और एसएसपी से एफआईआर दर्ज कराने को कहा है। किसी शख्स ने दारुल उलूम देवबंद से गजवा-ए-हिंद के बारे में जानकारी मांगी थी। पूछा था कि क्या हदीस में इसका कोई जिक्र है। दारुल उलूम देवबंद ने इसके जवाब (संख्या 9604) में पुस्तक सुन्नन अल-नसाई का



हवाला देते हुए कहा कि इसमें गजवा-ए-हिंद को लेकर एक पूरा चैप्टर है। इसमें हजरत अबू हुरैरा (पैगंबर मोहम्मद साहब के करीबी रहे) से एक हदीस सुनाई गई है। इसमें उन्होंने गजवा-ए-हिंद पर कहा कि मैं इसमें लड़ूंगा और अपनी सभी धन सम्पदा को कुर्बान कर दूंगा। मर गया तो महान बलिदानी बनूंगा। जिंदा रहा तो गाजी कहलाऊंगा। हजरत मोहम्मद साहब ने इस संबंध में भविष्यवाणी भी की थी। फतवे में पुस्तक को प्रिंट करने वाली कंपनी का भी नाम है।

## धार के बदनावर में आदिवासी सभा करेंगे राहुल गांधी

**भोपाल (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2 मार्च को धौलपुर (राजस्थान) से मध्यप्रदेश में मुरैना से एंट्री करेगी। एमपी में यह यात्रा 5 दिन रहेगी। रतलाम जिले के सैलाना से राजस्थान के बांसवाड़ा जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। एमपी में एंट्री करने के साथ ही



शुरुआती दौर में मुरैना में पहली सभा होगी। बाद में राहुल गांधी रोड शो और नुक्कड़ सभाओं के जरिए लोगों को संबोधित करेंगे। मुरैना से लेकर रतलाम तक राहुल गांधी अलग-अलग ग्रुप्स के साथ चर्चा करेंगे। हर ग्रुप के साथ अलग मुद्दों पर चर्चा होगी। 6 मार्च को धार जिले के बदनावर में आदिवासियों के बीच सभा करेंगे। 26 फरवरी से 1 मार्च तक यात्रा का ब्रेक होगा। दरअसल, राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी जाकर लेक्चर देंगे। यहां वे पढ़े भी हैं।

## रामलला ने तोड़ा रिकॉर्ड

# एक महीने में दर्शन को पहुंचे 62 लाख श्रद्धालु

### दान में मिले 50 करोड़ से ज्यादा, विदेश से भी पहुंच रहे लोग

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक महीने हो गए हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विधि विधान के साथ भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया। अब श्याम रंग की शिला से तैयार रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा है। रामलला हर दिन रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहे हैं। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश-विदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। एक महीने की अवधि की दौरान 62 लाख लोगों ने राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। वहीं भक्तों ने 50 करोड़ की राशि रामलला को चढ़ावे में दान की। ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता के मुताबिक, गर्भगृह के सामने दर्शन पथ के पास चार बड़े आकार की दान पेटियां रखी गई हैं, जिनमें श्रद्धालु दान कर रहे हैं। इसके अलावा 10 कम्प्यूटरीकृत काउंटरों पर भी लोग दान करते हैं। इन दान काउंटरों पर मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारियों को नियुक्त गया है, जो शाम को काउंटर बंद होने के बाद प्राप्त दान राशि का हिसाब ट्रस्ट कार्यालय में जमा करते हैं। 14 कर्मचारियों की एक टीम चार दान पेटियों में आए चढ़ावे की गिनती कर रही है, जिसमें 11 बैंक कर्मचारी और तीन मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी शामिल हैं। गुप्ता ने कहा कि दान राशि जमा करने से लेकर उसकी गिनती तक सब कुछ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जाता है। मंदिर के उद्घाटन के एक महीने बाद भी श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। मंदिर प्रशासन के नए समय के मुताबिक, रामलला की मूर्ति की श्रृंगार आरती सुबह 4.30 बजे शुरू होगी। सुबह 6.30 बजे मंगल प्रार्थना की गई। इसके बाद सुबह 7 बजे मंदिर भक्तों के लिए खोल दिया जाता है।



# युवा किसान की मौत

### 'दिल्ली चलो' दो दिनों के लिए स्थगित

### संयुक्त किसान मोर्चा का बड़ा ऐलान, आज देश भर में ब्लैक डे मनाएंगे, 14 मार्च को रामलीला मैदान में प्रदर्शन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खनौरी बॉर्डर पर बुधवार को युवक की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली मार्च फिलहाल रोक दिया है। किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि 2 दिन हम रणनीति बनाएंगे। 23 फरवरी को अगला फैसला लिया जाएगा। आंदोलन के 10वें दिन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हालात सामान्य हैं। खनौरी बॉर्डर पर बुधवार यानी 21 फरवरी को किसानों और पुलिस बीच टकराव हुआ था। यहां युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। आज किसानों ने शुभकरण की फोटो लेकर नारेबाजी की। सरवण पंधेर ने आज एक तस्वीर जारी की, जिसमें पुलिस फायरिंग करती नजर आ रही है। पंधेर ने कहा कि ये तस्वीर दिखाती है कि सीधी फायरिंग की गई है। पंजाब सरकार को हमला करने वालों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करना चाहिए। किसान नेता बलदेव सिंह ने कहा- पुलिस ने हमारे कैंपों और ट्रैक्टरों पर हमला किया। 167 किसान घायल हैं। 6 लापता हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की चंडीगढ़ में हुई मीटिंग के बाद ऐलान किया गया कि कल देश भर में ब्लैक डे मनाएंगे। 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च और 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत होगी। खनौरी बॉर्डर पर शुभकरण सिंह नाम के 22 साल के एक किसान की मौत हो गई. किसानों का कहना है कि उसके सिर पर आंसू गैस के गोले से चोट लगी थी, लेकिन डॉक्टरों ने कहा है कि मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चल पाएगा। पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस छोड़ने के बाद शुभकरण सिंह की सिर पर चोट लगने से मौत हो गई। अभी तक यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सिंह के सिर पर चोट लगी कैसे, किसानों ने दावा किया है कि चोट आंसू गैस के गोले या रबड़ की गोली से लगी जो हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने चलाई थी।

# शाह बोले-दुनिया के तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बनेंगे

### जांजगीर में कहा-कश्मीर में सालों से परेशान करने वाला 370 का नासूर हमने खत्म किया

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के जांजगीर दौरे पर विजय संकल्प शंखनाद रैली को उन्होंने संबोधित किया। जहां उन्होंने 370, सर्जिकल स्ट्राइक, अर्थव्यवस्था समेत कई मुद्दों पर बीजेपी सरकार की सफलता गिनाई। उन्होंने कहा कि, 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत के बाद हम दुनिया के तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे। साथ ही शाह ने कहा कि, कश्मीर में सालों से परेशान करने वाला 370 का नासूर हमने खत्म किया है। शाह इससे पहले कोंडागांव पहुंचे थे जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बस्तर क्लस्टर की बैठक ली। शाह ने कहा कि, 2 महीने में 20 टका मोदी की गारंटी साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में पूरी कर ली है। मैं विश्वास दिलाता हूं, मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। वहीं केंद्र की मोदी सरकार भी 5 लाख तक इलाज का खर्चा उठा रही है। 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय केंद्र सरकार ने बनाए इसमें से छत्तीसगढ़ में ही 38 लाख शौचालय बने। मैं राम के ननिहाल में आया हूं, आपको बता दूं कि, कांग्रेस ने 550 साल से लटके मसले को 75 साल में खत्म नहीं किया। अब मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर इस मसले को भी खत्म किया है।



### मंदिरों से टैक्स की वसूली!

# कर्नाटक में कांग्रेस के नए कानून पर बवाल

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में मंदिरों पर टैक्स लगाए जाने को लेकर विवाद छिड़ गया है। राज्य की कांग्रेस सरकार विधानसभा में कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ विधेयक पारित कर मंदिरों पर टैक्स लगाने में सक्रिय रही है। वहीं कर्नाटक में मुख्य विपक्षी दल बीजेपी ने कर्नाटक सरकार के इस कदम को हिंदू विरोधी बताया और आंदोलन करने की धमकी दी। बीजेपी का कहना है कि राज्य में कांग्रेस की तिरछी नजर कर्नाटक के मंदिरों पर है। कर्नाटक सरकार ने यह बिल विधानसभा में पारित किया है।



### बीजेपी ने बताया हिंदू विरोधी, आंदोलन की दी धमकी

## कांग्रेस की तिरछी नजर मंदिरों के दान पर

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा, हमारे राज्य में कांग्रेस सरकार लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है। इस बार उसने हिंदू मंदिरों के दान पर भी तिरछी नजर रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी कर्नाटक सरकार की कार्रवाई का विरोध करेगी और भक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, अपने खाली खजाने को भरने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ विधेयक कांग्रेस ने पारित किया है। विजयेंद्र ने कहा कि एकत्रित धन का उपयोग दूसरे उद्देश्य के लिए किया जाएगा।

# संदेशखाली की पीड़िताओं से मिलने बंगाल जाएंगे पीएम मोदी

### बैकफुट पर सीएम ममता बनर्जी, तूल पकड़ता जा रहा है मामला

## बैकफुट पर सीएम ममता बनर्जी, तूल पकड़ता जा रहा है मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुए महिलाओं के कथित उत्पीड़न का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। बीजेपी समेत राज्य के विपक्षी दल ममता सरकार पर हमला बोल रहे हैं। छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएंगे, जहां वे संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात करेंगे। संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। संदेशखाली मामले के सामने आने के बाद से ही बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट के तमाम नेता घटनास्थल का दौरा करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, बंगाल प्रशासन ने शुरुआत में नेताओं को संदेशखाली नहीं जाने दिया, जिसके बाद हाईकोर्ट की अनुमति लेने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत बीजेपी के कुछ विधायक संदेशखाली पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। बीजेपी के सुकांत मजूमदार ने बताया है कि पीएम मोदी छह मार्च को बारासात मे रैली को भी संबोधित कर सकते हैं।



## संदेशखाली में सभी की शिकायत सुनेगी पुलिस

उधर, पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार का कहना है कि कि पुलिस संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुमार बुधवार को संदेशखाली गए थे और पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत क्षेत्रों की स्थिति का आंकलन करने के लिए रात भर वहीं रुके थे, उन्होंने वहां महिलाओं पर अत्याचार करने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुमार ने आज सुबह धमाखालि में संवाददाताओं से बात की।

# सीबीआई छापे से भड़के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक

### बोले- मैं बीमार हूं, फिर भी तानाशाह हमें कर रहा परेशान

**बागपत (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आवास पर गुरुवार को सीबीआई की टीम पहुंची। एजेंसी के अधिकारियों ने इस दौरान उनके घर पर कीरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में हुए घोटाले से जुड़े दस्तावेज खंगाले। अपने घर पर सीबीआई की टीम पहुंचने से सत्यपाल मलिक भड़क गए हैं और उन्होंने बिना नाम लिए ही सीधे पीएम मोदी पर निशाना साधा है।



सत्यपाल मलिक का कहना है कि सीबीआई ने उनके घर पर यह छापेमारी ऐसे वक्त में की है, जब वह बीमार होने के चलते अस्पताल में भर्ती हैं। सत्यपाल मलिक ने कहा कि वह पिछले 3-4 दिनों से बीमार हैं। सत्यपाल मलिक ने ट्वीट किया, पिछले 3-4 दिनों से मैं बीमार हूं ओर अस्पताल में भर्ती हूं।

इसके वावजूद मेरे मकान में तानाशाह द्वारा सरकारी एजेंसियों से छापे डलवाए जा रहें हैं। मेरे ड्राइवर, मेरे सहायक के ऊपर भी छापे मारकर उनको बेवजह परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं। इन छापों से घबराऊंगा नहीं। मैं किसानों के साथ हूं। एक और ट्वीट करते हुए सत्यपाल मलिक ने कहा कि मेरे पास 4-5 कुर्ते से ज्यादा कुछ नहीं मिलेगा।

# मिशन लोकसभा तैयार, 'फिर एक बार मोदी सरकार'

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का नारा, नया गीत भी हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले भारत मंडपम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में फिर एक बार मोदी सरकार कैंपेन गीत रिलीज किया गया। इस गीत को 24 भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया गया है। पार्टी के मुताबिक, यह गीत विभिन्न क्षेत्रों, समाज के विभिन्न समूहों और वर्गों में समावेशी विकास के विषय पर केंद्रित है। बता दें भाजपा के कैंपेन का नारा, फिर एक बार मोदी सरकार की घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनवरी 2024 में की थी। देश भर के पार्टी नेताओं ने इस थीम के तहत वॉल पेंटिंग भी की थी। भाजपा ने इस टाइटल सॉन्ग को जारी करने के लिए डिजिटल माध्यम का सहारा लिया। पार्टी ने वेबसाइट भी लॉन्च किया। इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछला दशक साहसी और दूरगामी निर्णयों का प्रमाण है। रविवार को अत्याधुनिक भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन दिवस पर पार्टी नेताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने उन कार्यों का समाधान किया जो सदियों से बाकी थे, यह हमारी सरकार के पिछले 10 वर्ष साहसी और दूरगामी निर्णयों के प्रमाण हैं। पीएम मोदी ने कहा,हमने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करके पांच सदियों पुराना एक सपना और लोगों की इच्छा पूरी की। आम तौर पर देश और खास तौर पर जम्मू-कश्मीर को लगभग सात दशकों के बाद अनुच्छेद 370 से छुटकारा मिल गया।



# जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम में कई लोगों के कटे जेब

## 60 हजार रुपए पर चोरों ने किया हाथ साफ, एक गिरफ्तार



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के गांधी कॉलेज मैदान में आयोजित जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों के जेब काटने का मामला सामने आया है। अपनी मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे बिजली कर्मियों के 60 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। एक चोर को भी रंगे हाथ बिजली कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

इस मामले में बताया जा रहा है कि बुधवार को शहर के गांधी कॉलेज मैदान में जन विश्वास यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव का भाषण हो रहा था। तभी कुछ बिजली कर्मी तेजस्वी यादव से मिल कर आवेदन देना चाहते थे। अपने हाथों में तख्ती लेकर उन्होंने अपने ओर आकृष्ट करना चाहते थे। तभी चोरों ने मौके का फायदा उठाकर एक-एक कर करीब आधा दर्जन लोगो के पैकेट से पैसे निकाल लिए।

इसी बीच एक कर्मी के पैकेट में जैसे ही एक चोर हाथ डाला। तभी उसने उसे पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया है। इस मामले में बिजली कर्मी ने बताया कि बिजली के बिल की वसूली कर अपने पैकेट में सभी कर्मी पैसे रखे थे। इसी बीच सभी लोग एकत्रित होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान चोर ने बरौली थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी राजीव कुमार सिंह के पास से 10 हजार, मांझा थाना क्षेत्र के डुमरिया गौसिया गांव निवासी अनिल कुमार सिंह के पास से 21580 रुपए, सिधवलिया थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी चंदेश्वर राम के पास से 11600, नवादा खास गांव निवासी राघो कुमार के पास से 3200, नेऊरी गांव निवासी शशिकांत सिंह के पास से 7200 रुपए की चोरी की गई। पीड़ितों ने बताया कि पकड़े जाने पर आरोपी ने अपने साथी को पैसे देने की बात कहा था। फिलहाल इस मामले में नगर थानाध्यक्ष ओपी चौहान ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।



## भगवान राम के जीवन से मिलती है सीख

**मुजफ्फरपुर/नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया का नवादा क्षेत्र में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। श्रीशिवशक्ति योगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर और श्री उत्तरतोताद्रि मठ विभीषणकुंड अयोध्या के उत्तराधिकारी श्री रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से हमें जीवन जीने की सीख मिलती है। स्वामी आगमानंद जी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हर घर में रामचरितमानस का नित्य पाठ हो। उन्होंने खासकर बच्चों से कहा कि पढ़ाई से पूर्व कुछ देर रामचरितमानस और हनुमान चालीस जरुर पढ़ें।

# तेजस्वी की विश्वास यात्रा के बाद 3 मार्च को महाठबंधन की महारैली

## राहुल, दीपांकर, येचुरी, राजा भी शामिल होंगे



**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना के गांधी मैदान में 3 मार्च को महागठबंधन की ओर से महारैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लेफ्ट के कई नेता शामिल होंगे। बुधवार को आरजेडी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश से करीब 10 लाख लोग इस रैली में शामिल होंगे। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर जनता में आक्रोश है, इस महारैली के माध्यम से उसे प्रकट किया जाएगा। बता दें कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव इन दिनों जन विश्वास यात्रा पर निकले हुए हैं। 1 मार्च को तेजस्वी का यात्रा समाप्त हो रही है। वहीं आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि पूरा बिहार इंडिया गठबंधन के साथ है। इसके अलावा आरजेडी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी ने कहा कि जिस प्रकार विश्वासघात किया गया है, उसे लेकर बिहार की जनता में गुस्सा है और वह परिवर्तन चाहती है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की इस महारैली को शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी यादव लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। मंगलवार को मुजफ्फरपुर में एक रैली के दौरान तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर राज्य में बिना किसी दृष्टिकोण के शासन करने और बिना किसी कारण गठबंधन सहयोगियों को बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बूढ़े हो गए हैं, न केवल उम्र के मामले में बल्कि अपनी मानसिकता के मामले में भी। हमने उनसे 10 लाख नौकरियों के अपने वादे पर काम करवाया और जब उन्होंने हमें धोखा या तब हम अपने इस अभियान के आधे रास्ते में थे।

### अपनी यात्रा में दुष्प्रचार कर रहे हैं तेजस्वी : बीजेपी

वहीं बिहार बीजेपी भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव की यात्रा पर तंज कसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी यात्रा में तेजस्वी केवल दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे सच नहीं बोल रहे हैं। माता जानकी की जन्मभूमि सीतामढ़ी और बापू के सत्याग्रह की भूमि चम्पारण में भी वे सच नहीं बोले। तेजस्वी को चाहिए कि वे अपनी यात्रा में अपनी पार्टी और अपने माता-पिता के शासनकाल में हुए घटनाक्रम को बताते। लेकिन वे दूसरे के कार्यों का क्रेडिट लेने की होड़ में लगे हैं। बिहार की जनता आने वाले चुनाव में उनको धूल चटाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीति की परिभाषा बदल गयी है, धर्म के नाम पर लोगों को उलझाया जा रहा : मुकेश सहनी



**पटना, एजेंसी।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने औरंगाबाद के दाऊदनगर स्थित अगनूर महमदपुर में महर्षि वेदव्यास जी के मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कहा कि अगर सीएम, पीएम या कोई प्रतिनिधि आपका काम नहीं कर रहे तो वोट की ताकत से बदल दीजिए. मुकेश सहनी ने मंदिर के लिए भूमि पूजन के बाद एक जनसभा में चिंता प्रकट किया कि आज तक इस गांव में आने के लिए सड़क तक नहीं है. यहां के लोग सड़क नहीं तो वोट नहीं की बात कर रहे, लेकिन यह सही नहीं. उन्होंने कहा कि वोट देने के पहले लाख बार सोचिए. मुकेश सहनी ने कहा कि आज देश में राजनीति की परिभाषा बदल गई है, धर्म के नाम पर लोगों को उलझाया जा रहा. किसान के कल्याण के लिए उनके लिए एमएसपी बढ़ाने की बात नहीं होती. सहनी ने कहा कि जो काम सरकार को करना चाहिए वह काम नहीं हो रहा. वीआईपी अध्यक्ष ने लोगों से अपने बच्चों को पढ़ाने और अधिकार के लिए संघर्ष करने की अपील की. उन्होंने कहा कि ज्ञान था तभी महर्षि वेदव्यास जी वेदों की रचना कर सके. इस मौके पर सहनी ने पार्टी की ओर से मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपए दान देने की भी घोषणा की.

### अप्रैल में हो सकती है एमएड की प्रवेश परीक्षा

**भागलपुर, एजेंसी।** एमएड कोर्स में नामांकन के लिये प्रवेश परीक्षा अप्रैल में आयोजित हो सकती है। इसके लिये विश्वविद्यालय स्तर पर कमेटी बनाई गई है। टीएमबीयू के डीएसडब्ल्यू डॉ. बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि एमएड में होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिये चार लोगों की कमेटी बनाई गई है। जिसमें डीएसडब्ल्यू, डीन एजुकेशन, सीसीडीसी और परीक्षा नियंत्रक शामिल हैं। ये लोग बैठक कर एमएड प्रवेश परीक्षा से जुड़े सभी निर्णय लेकर उसकी तैयारियां करेंगे। उम्मीद है कि मार्च में बैठकों और आवेदन का मौका देने के बाद अप्रैल में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा सकती है। जिसके बाद नामांकन होगा। जानकारी हो कि यह प्रवेश परीक्षा भागलपुर में दो संस्थानों क लिये अयोजित की जायेगी। जिसमें पहला घंटाघर स्थित अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय है। वहीं दूसरा सबौर स्थित विमल विभूति कॉलेज ऑफ एजुकेशन है। इन दोनों संस्थानों में 50-50 सीटों पर एमएड की पढ़ाई होती है।

### स्कूलों के आगे से हटेंगी पान गुमटियां, अतिक्रमण नहीं रहेगा

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर निगम समेत जिले के सभी प्रखंडों के स्कूलों से 100 गज की दूरी तक स्थित पान गुमटियों को हटाया जाएगा। स्कूलों से 100 गज तक के क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त और नशामुक्त करने को लेकर अभियान चलेगा। जो दुकानदार अतिक्रमण या पान गुमटियां नहीं हटाएंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बुधवार को स्कूल के औचक निरीक्षण के क्रम में नगर निगम क्षेत्र स्थित भवानी कन्या मध्य विद्यालय समेत अन्य स्कूलों के सामने डीईओ ने अतिक्रमण और पान गुमटियों का संचालन होता देखा। पान गुमटियां और अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों को चेतावनी गई है। इस बाबत डीईओ संजय कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ जिलेभर के स्कूलों के आसपास स्थित ऐसी दुकानों की सूची तैयार कराई जाएगी। स्कूल से 100 गज की दूरी में नशा संबंधित दुकानों का संचालन जुर्म है। सभी बीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी दुकानों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। स्कूलों के बाहर अतिक्रमण हटाने को एसडीओ को पत्र लिखा गया है।

# नकली दारोगा बनकर वसूली करते फिल्मी अंदाज में धराया

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा का एक युवक असली दारोगा बनने में असफल रहा तो नकली दारोगा बनकर वसूली करने लगा। यातायात थाना की पुलिस ने मिर्जापुर चौक के पास एक नकली दरोगा को वाहन चेकिंग करते रंगे हाथ दबोच लिया। यातायात थानाध्यक्ष कुमार गौरव ने नकली दारोगा को नगर थाना को सुपुर्द कर दिया। जिसको लेकर यातायात थानाध्यक्ष ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि मिर्जापुर चौक के पास पुलिस की वर्दी में एक नकली दारोगा अशोक साह वाहन चेकिंग कर रहा था। जैसे ही यातायात थाना की पुलिस मिर्जापुर चौक पर पहुंची तो पुलिस बल को देखकर नकली दारोगा घबराने लगा। पुलिस के द्वारा नकली दारोगा को कब्जा में लेकर नाम पता पूछा गया। उन्होंने बताया कि वह मनीगाछी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर का रहने वाला अशोक कुमार साह है। जब यातायात थानाध्यक्ष द्वारा नकली दारोगा से सख्ती से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि वह पुलिस अवर निरीक्षक नहीं है। बल्कि नकली पुलिस बनकर लोगों से भयादोहन कर पैसे की अवैध वसूली कर रहे हैं। नकली दारोगा ने बताया कि पिछले कुछ महीने से वह अवैध वसूली का काम कर रहा है। पकड़े गए अशोक साह ने बताया कि दारोगा भर्ती में उसने कई बार प्रयास किया। मेंस में तीन बार छंट गया।



उसके उपर दारोगा बनने का नशा सवार था। उसके बाद नकली वर्दी का जुगाड़ करके अपना रौब चलाने लगा। कुछ दिनों बाद कॉन्फिडेंस बढ़ा तो उसने वसूली भी शुरु कर दिया। बताया कि शहर के बाहरी इलाकों में नो एंट्री, गलत पार्किंग ओवर लोड या अन्य गलतियां पकड़कर उनसे वसूली करता था। चालान दिखाकर डराता और मैनेज करने नाम पर उगाही कर लेता। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मिर्जापुर चौक पर वसूली की खबर पर पुलिस पहुंची। वर्दी और काम करने के तरीके से उसे पहचानना मुश्लिक था। जाल बिछाकर उसे दबोचा गया। कई बाद दारोगा भर्ती की तैयारी करने की वजह से वह विभाग के तौर तरीके से अवगत है। साधारण आदमी उसे नहीं पकड़ सकता।

# बंद घर में 13 लाख की चोरी:श्राद्ध कर्म में शामिल होने कटिहार गया था परिवार

### 85 हजार कैश समेत 12 लाख के जेवरात ले गए चोर

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने एक घर में घुसकर 13 लाख की भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी सपरिवार घर बंद कर पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल होने गए थे। इसी का फायदा उठाकर बेखौफ चोर घर में घुसे। आलमारी में रखा 85 हजार कैश के अलावा सोने और चांदी के 12 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। चोरी की वारदात की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है। चोरी की यह वारदात मरंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 स्थित सुपरिम होंडा सर्विस सेंटर के समीप की है।

पीड़ित गृहस्वामी की पहचान शहर के मरंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 निवासी स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद यादव के बेटे राजेश भारती के रूप में हुई है। वहीं घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि वे मूल रूप से कटिहार जिले के कुरसेला के रहने वाले हैं। बीते 12 फरवरी को उनके पिता का देहांत हो गया था। जिसे लेकर वो परिवार के सभी सदस्यों के साथ श्राद्ध कर्म में शामिल होने कटिहार के कुरसेला गांव गए थे। 24 को श्राद्धकर्म होना था। हालांकि, इससे पहले ही उन्हें पड़ोसियों का फोन आया। कॉल पर पड़ोसियों ने घर के मेन डोर का ताला टूटे होने की बात बताई।



जिसके बाद वे बिना श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पैतृक गांव से सपरिवार पूर्णिया स्थित घर के लिए रवाना हो गए। घर पहुंचने पर मेन डोर का लॉक टूटा पाया। घर के अंदर प्रवेश करने पर सारा सामान इधर-उधर बिखरा देखा। घर के आलमारी और बक्सा में रखे 85 हजार कैश, 25 तोला सोने के जेवरात, 1 किलो चांदी के आभूषण करीब 12 लाख के जेवरात गायब थे। जिसके बाद फोन पर मरंगा थाना की पुलिस को चोरी की इस वारदात की सूचना दी गई। वहीं, घटना के संबंध में मरंगा थाना प्रभारी रूपक रंजन सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित की ओर से चोरी की इस वारदात को लेकर आवेदन मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# खनन विभाग का होगा अपना फोर्स- खुलेगा कंट्रोल रूम मंत्री विजय सिन्हा ने किया ऐलान; नीतीश भी सख्त



**पटना, एजेंसी।** बिहार में खनन माफिया की अब खैर नहीं। खान एवं भू तत्व विभाग के समीक्षा बैठक के बाद डिप्टी सीएम सह खनन विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि खनन माफिया को लेकर सरकार काफी गंभीर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं कि बिहार से माफिया गिरी खत्म की जाएगी। उधर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में तीन प्रकार के माफिया सक्रिय हैं जिनमें शराब माफिया, जमीन माफिया और खनन माफिया शामिल हैं। इनकी समाप्ति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नीतीश कुमार भी इस मुद्दे पर काफी सख्त और प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश के बाद खनन विभाग के पिछले 1 साल के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। महागठबंधन सरकार में यह विभाग राजद के कोटे में था विजय सिन्हा ने कहा कि माफिया तत्वों का जिस तरह से वर्चस्व बढ़ता जा रहा है उस पर रोक लगाना मुख्यमंत्री का मकसद है। उन्होंने इसे लेकर स्पष्ट निर्देश दिया है कि खनन माफिया में वे लोग शामिल हैं जो बिहार में अराजकता फैला रहे हैं। इन पर कमान कसने के लिए विभाग में कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया गया है। यहीं से बालू घाटों पर खनन की गतिविधियों के मॉनिटरिंग की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और खनन विभाग का अपना फोर्स होगा। पिछले दिनों माफिया तत्वों ने खनन विभाग के पदाधिकारी पर हमला किया। मंत्री ने कहा कि इस पर रोक लगाने के लिए खनन विभाग अपना फोर्स विकसित करेगा। जिस थाना क्षेत्र में यह घटनाएं हुई हैं वहां के पदाधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। अन्य दिनों में अवैध खनन को लेकर भी थाना अध्यक्ष जिम्मेदार होंगे। उन्हें इससे संबंधित पत्र जल्द भेजा जाएगा। इधर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने डीजीपी को निर्देश दिया है कि शराब, जमीन या बालू माफिया को खत्म करने के लिए किसी की पैरवी नहीं सुनें। हर हाल में राज्य को इनसे मुक्ति दिलाना है। राज्य में 80 प्रतिशत अपराध की जड़ ये तीन ताकतें हैं। इसकी चिंता सरकार को है। उन्होंने साफ संदेश दिया है कि ये लोग या तो काम छोड़ दें या राज्य छोड़ दें। बिहार में खनन माफिया का आतंक राज है। नीचे से लेकर ऊपर तक के पदाधिकारी संचालित रहे थानेदार से लेकर आईपीएस ऑफिसर और प्रशासन के बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई हुई। उनकी सह पर पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों पर माफिया के गुर्गो ने हमले किए। सरकार से जुड़े कई सफेदपोश भी बालू के अवैध खनन में संलिप्त हैं। मंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि सब की पोल खोली जाएगी।



## केद्र सरकार से अंगिका को भाषा सूची में शामिल करने की मांग

**भागलपुर, एजेंसी।** विश्व मातृभाषा दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार रामावतार झुनझुनवाला की याद में बुधवार को जिला परिषद में अंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से अंगिका को केंद्र सरकार की भाषा सूची में शामिल कराने और अंगिका पुस्तकों के प्रकाशन में लेखकों को आर्थिक मदद देने की मांग की गयी। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय से कॉलेजों में स्नातक स्तर पर पढ़ाई शुरू करने और पटना आकाशवाणी से हर बुधवार को अंगिका में कार्यक्रम शुरू करने और रेल मंत्रालय से अंग क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर अंगिका में सूचना प्रसारण की मांग उठाई गयी। पत्रकार रामावतार झुनझुनवाला की स्मृति में अंग जन गण, अंग मदद फाउंडेशन और गांधी विचार मंच द्वारा आयोजित इस उत्सव ने अंग और अंगिका के विकास के लिए 18 हस्तियों को कर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान गोरैया संरक्षक संजय कुमार, राजेश तिवारी, रामकिशोर, सीतांशु अरुण, ब्रह्मदेव नारायण सत्यम, उषा सिन्हा, अर्पिता चौधरी, श्वेता भारती, प्रदीप कुमार झुनझुनवाला, कमल जायसवाल, मनोज कुमार पंडित, श्वेता भारती, प्रमोद सिन्हा, शालिनी सिन्हा, डॉ. शोभा कुमारी, कुमार गौरव आदि को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पवन मिश्रा बने हिंदू युवा सम्राट, बोले भारत मेरी मां सनातन मेरी जान



**चाणक्य भूमि, बेतिया।** सेवरही पिरोजहां ग्राम सभा के रहने वाले पवन मिश्रा का जन्म उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के विकासखंड के एक छोटे से ग्राम सभा पिरोजहां में हुआ। बचपन से ही इन्हें देवी देवताओं की पूजा करने में रुचि है। जिस किसी भी सनातन बंधु को समस्या होती थी अभिलंब किए बिना उसकी सहायता में जुट जाया करते है। सनातन धर्म के प्रति प्रेम एवं सनातन भाइयों के प्रति सहायता की भावना रखने वाले पवन मिश्रा को आज कल हिंदू युवा सम्राट के नाम से पुकारा जाता है। कुशीनगर और निकटवर्ती बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में कई इलाकों में हिंदू देवी देवताओं के मंदिरों के समीप बेचे जा रहे मांसाहारी वस्तुओं का नवयुवको एवं प्रशासन की सहयोग से देवी देवताओं के मंदिर के पास बिक्री पर रोक भी लगवा चुके हैं। हिंदू भाइयों को हमेशा अपने धर्म के प्रति जागरुक करते रहते हैं। यूपी और बिहार में खुद को हिंदू युवा सम्राट के रूप में स्थापित करने वाले पवन मिश्रा अपने उपनाम को लेकर काफी खुश है। उनका कहना है कि भगवान श्री राम एवं भारत माता के प्रेम करने के स्वरूप यह मेरा उपनाम नहीं लोगों की तरफ से मुझे पुरस्कार मिला है। प्रत्येक वर्ष देवी देवताओं के मंदिर पर राम लोगों के सहयोग से आयोजन करना इनकी आदत है। मौजूदा समय में हिंदू युवा सम्राट उर्फ पवन मिश्रा से प्रेरणा लेकर बहुत सारे युवक अपने धर्म के प्रति जागरूक रह रहे हैं निश्चित रूप से यह परिवर्तन हिंदू युवा सम्राट का बड़ी उपलब्धि है।

### गौनाहा में बीजली चोरी के आरोप में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर कांड दर्ज



**चाणक्य भूमि, बेतिया।** गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त विद्युत ऊर्जा की चोरी कर अवैध विजली जलाने के आरोप में लछनौता पंचायत के विभिन्न गांवों के 8 लोगों पर गौनाहा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।दर्ज मामले में विद्युत विभाग के मानव बल मुन्ना कुमार सोनी का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर विद्युत ऊर्जा के रोकथाम हेतु गठित छापामारी दल द्वारा लछनौता पंचायत के अजिया शेरवा, महुआ भूसा व लछनौता गांव मे छापेमारी की गई। जिसमें यह पाया गया कि अजिया शेरवा गांव के राबड़ी देवी तथा उमेस यादव महुवा भूसा गांव के ध्रुप राम तथा लक्ष्मण राम व लछनौता गांव के चंदेश्वर राम, रामाश्रय हाजरा तथा भिरगुन चौधरी आदि द्वारा एलटी तार से सीधा सर्विस तार को जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर अवैध बिजली का उपयोग कर विभाग को आर्थिक छती पहुंचाई जा रही थी। छापामारी दाल का नेतृत्व विद्युत विभाग साठी के कन्या अभियंता राहुल कुमार सिंह कर रहे थे। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के मानव बल मुन्ना कुमार सोनी के आवेदन के आधार पर वर्णित 8 अभियुक्त पर विद्युत ऊर्जा अधिनियम 135 एवं सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक की दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### चिंगारी से लगी आग से दो घर समेत मवेशी जले

**चाणक्य भूमि, बेतिया।** मैनाटांड थाना के बसंतपुर गांव में बुधवार कि शाम को मवेशी के पास जलाए गये अलाव की चिंगारी से लगी आग में जंग बहादुर पासवान एंव वृजेश पासवान का घर समेत मवेशी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सहयोग एवं मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि जंग बहादुर पासवान के घर में लगी आग पड़ोस के वृजेश पासवान के घर को भी चपेट ले लिया। जिसमें छ बकरी एक भैंस समेत घरेलू उपयोग का सामान, जरूरी दस्तावेज, अनाज व अन्य सामन आगजनी में जलकर नष्ट हो गया। जबकि एक गाय बूरी तरह झूलस गयी। इधर पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद दिलाने की गुहार लगाई है।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

**चाणक्य भूमि, बेतिया।** मैनाटांड़ पुलिस ने लीपनी गांव से दो वारंटीयो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि श्रीकांत राय और नित्यानंद को जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के द्वारा उक्त दोनो के खिलाफ वारंट जारी था जिसके आलोक में कार्रवाई की गई है।

### शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि, बेतिया।** मैनाटांड़ पुलिस ने गौरीपुर सुखलही गांव से 8 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को घर दबोचा है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि अवधेश माझी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब को लेकर पुलिस सख्त है। किसी भी हाल में शराब से जुड़े लोगों को पकडने पर पुलिस नहीं बख्शेगी।

### शस्त्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य जारी

**चाणक्य भूमि, छपरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शस्त्रों के भौतिक सत्यापन का कार्य गत मंगलवार से पानापुर थाना में जारी है। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि विगत तीन दिनों के अंदर 23 शस्त्रधारियों के शस्त्रों का सत्यापन कार्य हो चुका है। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी तक शस्त्रों का सत्यापन कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शेष अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्रों का निर्धारित अवधि के अंदर सत्यापन करा लें अन्यथा इसकी रिपोर्ट जिला को भेज दी जाएगी।

### आर्म्स का सत्यापन 29 तक जरूर कराएं, अन्यथा हो जाएगा जब्त

**चाणक्य भूमि, छपरा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सारण पुलिस पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। इसके लिए सारण पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जिले के विभिन्न थानों में निर्गत आर्म्स लाईसेंस एवं लाईसेंस धारियों का 20 फरवरी से 29 फरवरी तक संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी/ थानाध्यक्ष के नेतृत्व में किया जा रहा है। वहीं यदि दिनांक- 20.02.24 से 29.02.24 तक आर्म्स का सत्यापन नहीं कराया जाता है तो अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं आग्नेशास्त्र को जप्त करने की कार्रवाई की जायेगी। सत्यापन के क्रम में पाये तथ्यों से District Screening committee को अवगत कराया जाएगा जो लोकसभा चुनाव के दौरान शस्त्र को जमा करने आदि के संबंध में अग्रतर निर्णय लेगें।

## छूटे हुये अनुज्ञप्तिधारी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराये

**चाणक्य भूमि, बेतिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी पश्चिमी चम्पारण बेतिया श्री दिनेश कुमार राय ने कहा कि जिन लोगों द्वारा किसी कारणवश निश्चित तिथि पर अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन नहीं कराया वो आगामी 27/02/2024 से 29/02/2024 तक एवं 11/03/2024 से 13/03/2024 तक अपने शस्त्रों का सत्यापन अवश्य करा लें। आगे उन्होंने बताया कि शस्त्र के सत्यापन की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी जा रही है। फिर भी इस सूचना की जानकारी प्राप्त नहीं कर सकने वाले को थानाध्यक्ष शस्त्र पंजी के अनुसार/थाना अन्तर्गत सभी अनुज्ञप्तिधारियों को चौकीदार / दफादार के माध्यम से लिखित सूचना भी तामिला करायेंगे ताकि सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचना मिल सके। तामिला सूचना प्राप्त करने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# आईडीए राउंड में धीमी गति वाले प्रखंडों को जल्द करना होगा लक्ष्य पूरा- डीएमओ

## डोर टू डोर आईडीए राउंड का प्रतिदिन किया जा रहा अनुश्रवण, प्रखंडों में आरआर टीम तैनात





चाणक्य भूमि। छपरा

सारण जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाया जा रहा सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) राउंड अपने अगले पड़ाव की ओर अग्रसर है। जिसको लेकर जिला और प्रखंड स्तर पर आईडीए का अनुश्रवण तेज कर दिया गया है। जिले में गुरुवार की सुबह 10 बजे तक 19,08,075 लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जा चुका है। जिसका कुल लक्षित आबादी का 42 प्रतिशत है। हालांकि जिन प्रखंडों में आईडीए की गति धीमी है, वहां स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों के संयुक्त अभियान से लक्ष्य को तय अवधि में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा सके। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सदर प्रखंड के शहरी इलाके बड़ा तेलपा क्षेत्र में आईडीए राउंड की गति थोड़ी सी धीमी है। इसके बाद इसुआपुर, परसा जलालपुर व मकेर प्रखंड हैं। हालांकि इन प्रखंडों का प्रतिदिन शाम में ऑनलाइन मीटिंग के दौरान अनुश्रवण किया जा रहा है। साथ ही आईडीए के दौरान आ रही बाधाओं को चिह्नित किया जा रहा है। ताकि स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों के समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य विभाग और अन्य कार्यकर्ताओं (डीए) द्वारा खिलाई जा रही दवाओं के कारण आ रही परेशानियों को दूर किया जा सके।

**नवोदय विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने भी किया दवाओं का सेवनः एमओआईसी**

दरियापुर सीएचसी के एमओआईसी मेजर डॉ एसके सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में विशेष अभियान के तहत उक्त विद्यालय के शिक्षकों और अन्य कर्मियों सहित स्कूली बच्चों को दवाओं का सेवन कराया गया। इस क्रम में रैपिड रिस्पॉन्स (आरआर) टीम भी तैनात थी। जिसमें एमओ डॉ अजीत कुमार, बीसीएम ध्रुपलाल राम, सीएचओ पल्लवी सिन्हा, एएनएम सोनी कुमारी व पीरामल बीसी तेज नारायण गुप्ता शामिल थे। जिनकी निगरानी में बी टीम द्वारा विशेष रूप से 280 छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी गयी। दवाओं का सेवन करने के बाद छात्र छात्राओं व शिक्षकों को फाइलेरिया के संबंध में विस्तार से बताया गया। जिसके बाद आरआर टीम ने प्राचार्य समरकेतु सिंह के साथ एक बैठक भी की गई। इस दौरान प्राचार्य को फाइलेरिया व आईडीए की जानकारी देते हुए जनजागरूकता अभियान के संबंध में बताया गया। इस क्रम में उन्होंने आरआर टीम को यह आश्वस्त किया कि बच्चों में फाइलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें उन्हें फाइलेरिया रोग की रोकथाम और प्रसार की जानकारी दी जाएगी।

**प्राइवेट स्कूलों में भी चलाया जा रहा विशेष अभियानः एमओआईसी**

सदर पीएचसी के एमओआईसी डॉ एसएस प्रसाद ने कहा कि सरकारी स्कूलों में आईडीए राउंड चलाने के बाद अब निजी स्कूलों में भी विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में छपरा शहर के नेवाजी टोला के गुरुकुल मेहियां स्थित होली फैमली स्कूल में आईडीए की दवा खिलाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें स्कूल के 400 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों सहित अन्य कर्मियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आईडीए अभियान के दौरान खिलाई जा रही दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित है और इसके सेवन से किसी को भी कोई गंभीर समस्या नहीं होती है। दवा का सेवन करने के बाद यदि किसी को थोड़ी परेशानी होती है तो यह अच्छे संकेत हैं। जो यह बताती है की उक्त लाभुक के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया के परजीवी मौजूद थे जो दवाओं के सेवन से नष्ट हो रहे हैं। इसलिए फाइलेरिया से बचाव के लिए सभी को दवाओं का सेवन करना अनिवार्य है। इस दौरान सदर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार और संजीव कुमार, वीडीसीओ अनुज कुमार और सतीश कुमार, बीएचएम राजू कुमार, बीसीएम संजीव कुमार, एएनएम निर्मला कुमारी, एलटी पंकज कुमार, पीरामल स्वास्थ्य के आरएम हरि शंकर कुमार, डीपीओओ अरविंद कुमार, पीसीआई के डीएमसी सैरिष बनर्जी, बीसी पंकज कुमार शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य सिस्टर सुहासिनी पसुपल्ला, सचिव फादर सचिन एक्का, कार्यक्रम पदाधिकारी धनंजय पाण्डेय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## बिना जमाबंदी वाली जमीन के निबंधन पर लगी रोक,निबंधन कार्यालय पर लगा सुचना

**लौरिया अवर निबंधन कार्यालय रहा सुना ▪ निबंधन रुकने से लोगो की बढ़ी परेशानी**




चाणक्य भूमि। बेतिया

लौरिया उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जमीन खरीदने और बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। जिनके नाम पर जमाबंदी होगा वही राजीस्ट्री करेगा। वैसे भूमि का निबंधन बंद हो गया है जो जमीन परिजनों के नाम पर है। लौरिया में निबंधन पदाधिकारी केशव राज को जैसे ही हाईकोर्ट के आदेश की प्रति मेल पर आया। उन्होंने ने तुरंत निबंधन कार्यालय लौरिया के सुचना पट्ट पर नोटिस चिपका देने का आदेश दे दिया। लौरिया निबंधन कार्यालय से संत सिंह घोधा यादव मेघा पाल बसंत यादव धनंजय सहित डेढ़ दर्जन लोग बगैर निबंधन कराये कार्यालय से वापस घर लौट गए। उल्लेखनीय है की 10 अक्तूबर 2018 को राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर बिहार निबंधन नियमावली के नियम- 19 में संशोधन कर निबंधन पदाधिकारी को अचल संपत्ति को बिक्री/ दान के लिए निबंधन करने से नामंजूर करने का अधिकार प्रदान किया था. 10 अक्टूबर 2019 को बिहार सरकार के इस नियम के विरुद्ध पटना हाईकोर्ट में याचिका दर्ज कराई गई थी. याचिकाओं की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार द्वारा किए गए संशोधन पर अंतिम रोक लगाते हुए यह निर्देश दिया था कि जितने भी संपत्ति हस्तानांतरित होंगे, वह रिट याचिकाओं के परिणाम पर निर्भर करेंगे. अब एक मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है और कहा है कि राज्य सरकार के द्वारा नियमों में संशोधन सही है। अगर किसी विक्रेता के नाम पर जमाबंदी है तो उनके भूमि का निबंधन का कार्य हो रहा है। लौरिया अवर निबंधन पदाधिकारी ने कहा विक्रेता के नाम पर जमाबंदी नहीं हैं तो उनके भूमि क निबंधन नही किया जा रहा है. विभाग और कोर्ट के आदेश का पालन किया जा रहा है।

## तेजस्वी के सभा स्थल से गौनाहा के नट समुदाय के युवक का अपहरण

चाणक्य भूमि। बेतिया




लौरिया में तेजस्वी के जनसंवाद कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नगर के चार युवकों ने गौनहा थानाक्षेत्र के एक युवक को चाकू का भय दिखाकर उसका अपहरण कर लिया। हालांकि फिलहाल पुलिस अपहरण की घटना को संशय मान रही है। पुलिस इस घटना को हर दिशा से जांच कर रही है कि इस घटना में कितनी सच्चाई है। विदित हो कि गुरुवार को सुबह में करीब 4 युवकों द्वारा नंदनगढ़ मार्ग में एक व्यक्ति के आसपास मंडराते हुए कुछ महिलाओं ने देखा । सभी युवक एक व्यक्ति शौच कर रहा है और उसके आसपास चार युवक खड़े होकर वहीं खड़े हैं। इसी बीच महिलाओं ने टहल रहे नगर पंचायत के वार्ड पार्षद पप्पू मिश्रा और लालबाबू राम को इस बारे में जानकारी दी। दोनों वार्ड पार्षदों ने सभी को पकड़ कर पूछताछ की और शंका होने पर लौरिया पुलिस को सूचना दी। इधर थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने गौनाहा थानाक्षेत्र के औरर पीपरा गांव के वार्ड 8 के मोहन राउत के साथ एक शहर के लड़का को हिरासत में लेकर थाना लाई। इधर अपहृत मोहन पुलिस को कुछ विशेष नहीं बता रहा है, जिससे पुलिस इसे अपहरण का मामला मानें। इधर दूसरी ओर गौनाहा से पहुंची मोहन की पत्नी अंजलि और मां सीमा कुंअर ने बताया कि मोहन कैसे लौरिया पहुंचा, मालूम नहीं है। उन्होंने बताया कि उसके पास फोन आया कि मोहन हमारे पास है। 3 लाख रुपया लौरिया सरेह में लाओ। इसके बाद गुरुवार को फोन आया कि अब 5 लाख रुपया लाओ नहीं तो उसे जान से मार दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमने बुधवार को गौनाहा थाना में इस घटना की जानकारी और आवेदन दे दिया है। इधर गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार भी स्थानीय थाना में पहुंचकर जांच कर रहे हैं। सूत्रों पर विश्वास करें तो अपहरण करने वाले और अपहृत दोनों का पुराना संपर्क है। ये जेबकतरा,वगैरह का भी काम करते हैं। इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मामला अभी संदेहास्पद है। जांच की जा रही है। फिलहाल कुछ कहना जल्दबाजी होगा। वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। लौरिया में पीड़ित की ओर से कोई आवेदन नहीं आया है। एक आदमी को पुलीस अभिरक्षा में लेकर पुछ ताछ की जा रही है।

## पुलिस द्वारा पीटे जाने पर पीड़ित ने पुलिस गाड़ी पर चढ़कर किया हंगामा



चाणक्य भूमि। बेतिया

ई-रिक्शा चालक ने पुलिस कर्मियों द्वारा बिना बात के पिटाई करने पर पुलिस की गाड़ी पर चढ़कर काफी हंगामा किया और इस वज़ह से काफी देर तक स्टेशन चौक पर जाम की स्थिति हो गई और सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। रिक्शा चालक द्वारा यह पूछा जाता रहा कि उसे किस वजह से चांटा मारा गया। काफी कोशिश के बाद उसे पुलिस थाने लेकर गई उसके बाद यातायात सामान्य हुआ। हालाँकि पुलिस के अनुसार चालक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है और वह स्टेशन चौक पर लोगों से झगड़ा कर रहा था और जब पुलिस वालों ने मना किया तब वह हंगामा करने लगा।

## वैदिक रीति रिवाज के साथ मां पार्वती की मूर्ति की दी गयी प्राण प्रतिष्ठा, मेघौल पंचायत के पछियारी टोल स्थित शिवालय में कार्यक्रम आयोजित









चाणक्य भूमि। खोदावंदपुर/बेगूसराय

मेघौल पंचायत के पछियारी टोल स्थित शिवालय में गुरुवार को मां पार्वती की मूर्ति स्थापित कर वैदिक रीतिरिवाज व मंत्रोच्चारण के साथ उनका प्राण प्रतिष्ठा दी गयी. इस कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी.और महिला भक्तों ने देवी गीतों से मां पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को भक्तिमय बना रही थी. बताते चले कि शिव मंदिर परिसर में पार्वती की प्रतिमा को एक विक्षिप्त युवक ने खंडित कर दिया था. खंडित प्रतिमा के स्थान पर ग्रामीणों द्वारा नया प्रतिमा स्थापित किया गया है, जिसका पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह गत 18 फरवरी से विद्वान पंडित आचार्य गंगेश ठाकुर, चंदन ठाकुर, गोपाल कृष्ण ठाकुर, कृष्ण मोहन ठाकुर, रंजन ठाकुर, संजय कुमार झा, दीपक झा द्वारा वैदिक रीति रिवाज से कराया गया. इसकी जानकारी देते हुए मुख्य यजमान केदार प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रथम दिन 18 फरवरी को मंत्रोच्चार द्वारा पार्वती प्रतिमा का जलाधिवास, दूसरे दिन 19 फरवरी को अन्नाधिवास, तीसरे दिन 20 फरवरी को फलाधिवास, चौथे दिन 21 फरवरी को पुष्पाधिवास व नगर भ्रमण तथा पांचा अमृत अभिषेक तथा पांचवें दिन 22 फरवरी को प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन अनुष्ठान कराया गया. प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम समापन के उपरांत रात्रि में भव्य कथा प्रवचन एवं भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया. इस कार्यक्रम में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर प्रसाद सिंह, सचिव उमा शंकर सिंह, पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह, पूर्व मुखिया शशिकला देवी, पूर्व सरपंच गोविंद प्रसाद सिंह, ग्रामीण चन्नू सिंह, राधा प्रसाद सिंह, राम पुकार सिंह, रामानुज शर्मा, भूषण सिंह, आदित्य प्रसाद सिंह, नाथू मिश्रा, सरोज प्रसाद सिंह, सुधीर मिश्र, संतोष कुमार, कन्हैया सिंह समेत अनेक भक्तों की सक्रिय भूमिका रही.

## बेगूसराय में कावेरी रेस्टोरेंट( हर्ष होटल) का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया





चाणक्य भूमि। बेगुसराय

काबेरी रेस्टुरेंट (हर्ष होटल) बेगुसराय का उद्घाटन करते हुए माननीय केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह, ,। इस अवसर पर बेगूसराय जिले के सभी नेता उपस्थित थे। जीस में होटल के प्रबंध निदेशक, पूर्व एम एल सी रजनीश कुमार, मेयर पिंकी देवी, पूर्व मेयर संजय कुमार,सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर, भा ज पा नेता शुभम कुमार, मृत्युंजय वीरेश, चंचल कुमार, भा ज पा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ,सीने अभिनेता अमिय कश्यप, नीरज शांडिल्य एडवोकेट आदि उपस्थित थे। पूर्व एमएलसी रजनीश कुमार ने आये अतिथियो को चादर एवम बुफे देकर स्वागत किया। आगे उन्होंने कहा शादी विवाह के अवसर खान,पान बिजली शहीत ठहरने की उत्तम व्यवस्था है।

## मां भगवती सह सर्वदेव प्राण प्रतिष्ठा समारोह व प्रवचन कथा का हवन पूजन के साथ हुआ समापन

चाणक्य भूमि। छपरा



मशरक के चैनपुर गांव में चार दिवसीय मां भगवती सह सर्वदेव प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं प्रवचन का गुरुवार को हवन पूजन के बाद सम्पन्न हुआ। जिसमें रामकथा वाचक आचार्य श्री श्याम शंकर जी महाराज का प्रवचन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रामकथा वाचक आचार्य श्री श्याम शंकर जी महाराज ने कहा कि राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम हिन्दुस्तान की सांस्कृतिक विरासत हैं। राम सनातन धर्म की पहचान है। रात्रि में मथुरा की भगवती जागरण ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन भव्य हवन-यज्ञ में हवन कर समापन किया गया। मौके पर बिजली ठेकेदार श्री राम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह, शुभनारायण सिंह, राजकिशोर सिंह, रंजीत सिंह, मनीष सिह, विकास सिंह, रितेश सिह, बब्लू सिंह, कुंदन सिंह, पवन सिंह, कन्हैया सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिलास्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक निर्धन कारीगरों एवं शिल्पकारों को लाभान्वित किया जाये

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

आज जिला सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिलास्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमे जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में तेजी लायी जाय ताकि लक्ष्य के अनुरूप जिले के निर्धन कारीगरों एवं शिल्पकारों को लाभ पहुँचाया जा सके। उन्होंने उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों से कहा कि प्रखंड स्तर पर मुखिया/प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक आवेदन स्टेज-02 में स्वीकृति हेतु भेजने का प्रयास करें ताकि जिले के योग्य व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, प्रतिभा रानी द्वारा आवेदकों की पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस योजनान्तर्गत परम्परागत तरीके से कार्य कर रहे शिल्पकारों को विभिन्न 18 ट्रेंडों में योग्य लाभार्थियों का चयन कर लाभान्वित करने का उदेश्य उप






विकास आयुक्त द्वारा बताया गया। उन्होंने बताया कि अबतक द्वितीय स्तर पर आवेदक का फिल्ड वेरिफिकेशन के पश्चात 70 आवेदकों का चयन कर स्टेज-03 के लिए अनुशंसित किया गया है। समिति की बैठक में एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित डोमेन विशेषज्ञ रेणु गुप्ता, पंकज कुमार झुनझुनवाला, भूपेन्द्र नाथ तिवारी ने अपने-अपने सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रतिभा रानी, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, शंभू कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, अनिल कुमार सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सतीश कुमार, श्रम अधीक्षक, विरेन्द्र कुमार महतो, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# सरंक्षा व सुरक्षा में चूक बर्दास्त नहीं:चीफ इंस्पेक्टर

## प्रत्येक मंगलवार को मॉकड्रिल कराने का दिया निर्देश

**चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया**






गुरुबार को चीनी मिल प्रवंधन की नियोजन भवन पटना में आयोजित एक मीटिंग में मुख्य कारखाना निरीक्षक शुभेश्वर कुमार ने कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत सुरक्षा संबंधी नियमो के प्रवर्तन की जानकारी दी ,तथा विपदाग्रस्त कारखाने से सम्बंधित सूचनाएं और विवरणी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि श्रमिको में जागरुकक्ता लाने के लिये प्रत्येक मंगलवार को मॉकड्रिल कराने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के वक्त प्रवंधन और कारखाना प्रवन्धक का होना जरूरी है।उन्होंने प्रवंधन के प्रतिनिधियों से पारा मेडिकल स्टाफ के प्रतिनियुक्तियों के बारे में मझौलिया,नरकटियागंज,ह सनपुर से आये प्रतिनिधियों से जानकारी ली।श्रमिको का स्वास्थ्य कैसे बेहतर रहे इस पर फोकस किया।मौके पर उपस्थित मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के वरीय प्रवन्धक मानव संसाधन रामकांत मिश्रा तथा न्यू स्वदेशी शुगर मिल नरकटियागंज के श्रम कल्याण पदाधिकारी एस एन पाठक ने अपनी -अपनी विवरणी प्रस्तुत किया।बताते चले कि बिगत 13 फरवरी को चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज पटना बिहार का पदभार संभालने के बाद पहली बार सुगर इंडस्ट्रीज़ के प्रवन्धक मंडली के साथ बैठक कर सरकार के निर्देशों को पालन करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर शुगर इंडस्ट्रीज के ऑफिसर टाइम ऑफिस एस पी श्रीवास्तव समेत अल्ट्राटेक सीमेंट आदि के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# डायन कह महिला की पिटायी

## मझौलिया के शेख मझरिया की घटना

### पीड़िता ने आधा दर्जन लोगों को किया आरोपित, जांच में जुटी पुलिस



**चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया**

शेख मंझरिया पंचायत में एक महिला को डायन बताकर पीटा गया। परिजनों ने पीड़िता को सीएचसी मझौलिया में ईलाज के लिये भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने जीएमसीएच बेतिया रेफर किया।पीड़ित महिला उषा देवी ने मामले को लेकर आधा दर्जन लोगों पर एफआईआर के लिये आवेदन प्रतिवेदित किया है।जिसमे राजा राम सहनी , रामधनी सहनी , राजकुमार सहनी , एवं लालमोहन सहनी समेत समेत अन्य को आरोपित किया है । सभी शेख मझरिया वार्ड 02 के निवासी है।पुलिस ने आवेदन के आरोप में जांच शुरू कर दिया है।उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपित उसके दरवाजे पर जाकर डायन कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उस महिला समेत अन्य लोगों को मारपीट कर घायल कर किया। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से पीएचसी मझौलिया लाया गया। जहां बेहतर इलाज के लिए ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों ने जीएमसीएच बेतिया रेफर किया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि आवेदन के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है ।

# परिवार नियोजन पखवाडा दिवस का शुभारंभ



**चाणक्य भूमि। बेतिया**

लौरिया पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बृहस्पतिवार को परिवार नियोजन पखवाडा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्पताल मैनेजर राहुल कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा परिवार नियोजन के उपायों को अपनाने पर सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि दी जाती है । आपको बता दे कि सरकार द्वारा महिला बंध्याकरण कराने पर 2000 नकद, पुरुष नसबंदी कराने पर 3000 रुपये, प्रसव पश्चात महिला बंध्याकरण पर 3000, प्रसव पश्चात कॉपर टी पर 300 रुपये, गर्भपात उपरान्त कॉपर टी पर 300, ए पी ए अंतरा सुई पर 100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दि जा रही है। इसी के साथ काउण्टर लगाकर कण्डोम माला एवं प्रेग्नेंसी कीट गर्भनिरोधक गोली का वितरण किया गया। मौके पर अवधेश सिंह, ब्रजेश तिवारी, अमीत कुमार, बीसीएम रीना मोदी, प्रतिमा देवी, बृजमाला कुमारी, शत्रुपा सिन्हा, पूजा कुमारी सहित दर्जनों कर्मी उपस्थित रहे।

# अहवर से लापता बृद्ध का शव बड़ी नहर नोनेया में मिला

## पहाड़पुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यय परीक्षण के लिये मोतिहारी भेजा

**चाणक्य भूमि। (जापान साह)नानोसती**



अहवर कुड़िया वार्ड 12 से बिगत 17 फरवरी से लापता बृद्ध रामदेव यादव (64)वर्ष का शव चार दिनों बाद पहाड़पुर थाना क्षेत्र के नोनेया पंचायत अंतर्गत मखनिया स्थित बूढ़ी गंडक में पानी मे तैरते मिला।पहाड़पुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा।जानकारी मृतक के पुत्र अहवर वार्ड 12 निवासी रामबाबू यादव (18) वर्ष ने दी।उन्होंने बताया कि उनके पिताजी बिगत 18 फरवरी से लापता थे।इनकी गुमसुदगी की रिपोर्ट उन्होंने मझौलिया थाना में बिगत 19 फरवरी को दर्ज करायी थी।गुरुबार को सूचना मिली कि उनका शव मखनिया बड़ी नहर में मिली है।अंदेशा व्यक्त किया जाता है कि पानी मे डूबने से उनकी मौत हुई है।रामदेव यादव की मौत की खबर मिलते ही अहवर कुड़िया वार्ड 12 में कोहराम मच गया।सैकड़ो की संख्या में लोग मखनिया पहुंचे।मृतक की दो बेटियां सिंधु देवी और इंदु देवी है, जो शादी शुदा है।पिता की मौत की खबर सुनते ही मखनिया पहुंचे।मृतक के पुत्र रामबाबू यादव ने बताया कि उनलोगों का किसी से कोई अदावत नही है।मामला हत्या की है या आत्म हत्या की इसका खुलासा पोस्टमार्टम से होगा।बहरहाल परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है।

# केवाईसी नहीं कराने वाले किसान को नहीं मिल पायेगी सम्मान निधि

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

जिन किसानों ने अपने बैंक खाते का ई-केवाईसी नहीं करायी है वैसे किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि उनके खाते में नहीं आ पायेगी । कृषि पदाधिकारी अवनीश चंद्र मोहन ने बताया कि अब तक खैरा टोला में 211 किसान अपने खाते का ई-केवाईसी नहीं कराये हैं। जिसके कारण सम्मान निधि की पन्द्रहवीं किस्त का पैसा उनके खाते में नहीं आ पायेगा। उन्होंने ऐसे किसानों से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अपने बैंक खाते का ई-केवाईसी करा लें ताकि कोई भी किसान उक्त योजना के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने यह भी कहा कि बार बार किसानों से ई-केवाईसी के लिए अनुरोध किया जाता रहा है फिर भी कुछ किसान अब तक उदासीन हैं।

# देसी शराब व बाइक सहित दो लोग गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। बगहा**

नौरंगिया थाना के मदनपुर चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा दो युवकों को शराब सहित गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक माले कार्यकर्ता है और साथ ही अपने आप को यूट्यूबर बता रहे है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर बिहार मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। चौथी वाणी बेतिया। नौरंगिया थाना के मदनपुर चेक पोस्ट पर आज सुबह तैनात पुलिस कर्मियों की टीम ने वाहन जांच के क्रम में दो लोगों को शराब सहित गिरफ्तार किया जो यूपी से आ रहे थे। दोनों युवकों की पहचान वाल्मीकिनगर थाना के सोहरिया निवासी राजेश राम व गौरी बेलवा निवासी सुधिर कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने जब उन्हें रुकवाया तो वे लोग यू-ट्यूबर होने का धौस दिखाने लगे मगर पुलिस ने उनकी एक न सुनते हुए बाइक की तलाशी ली तो बाइक के डिक्की में देसी शराब व चार पीस बंटी बबली की बोतल पाई गई। इसके बाद पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया एवं बाइक को जब्त कर थाना भेज दिया। जहां पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की करने लगी। इधर दोनो की गिरफ्तारी की खबर सुनते ही माले नेता परशुराम यादव अपने दल-बल के साथ नौरंगिया थाना में पहुंचे और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये। माले नेता ने बताया कि उक्त दोनों युवक विगत 15 वर्षों से माले पार्टी से जुड़े हुए हैं तथा बीते 1 वर्ष से यूट्यूब चैनल के द्वारा खबर चलाते थे इसी कारण पुलिस उन्हें परेशान कर रही है। नौरंगिया थाना अध्यक्ष अजय कुमार के अनुसार मदनपुर चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों की टीम ने गुरुवार के अहले सुबह दो युवकों को यूपी से आते देखा। जिनके बाइक पर प्रेस लिखा हुआ था। टीम ने उन्हें रुकवाया तो वे लोग अपना धौस दिखाने लगे मगर पुलिस ने उनकी एक न सुनते हुए बाइक की तलाशी ली तो बाइक के डिक्की में से 4.50 लीटर देसी जुलाई शराब व चार पीस बंटी बबली पाई गई। इसके बाद उक्त दोनों युवकों को गिरफ्तार पर थाना लाया गया। मामले में बिहार मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714